क्षयरोग के रोगियों का विश्व बैंक की सहायता से इलाज किए जाने की योजना

1811 **श्रीमती आनंदी ज० पटेल:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विश्व बैंक की सहायता से क्षयरोग के इलाज के लिए कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त योजना के अन्तर्गत कार्य आरंभ हो गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी): (क) और (ख) भारत सरकार ने विवरण-I में दिए गए विवरणों के अनुसार देश के 102 जिलों में राष्ट्रीयक्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम को संशोधित कार्यनीति के कार्यान्वयन के लिए विश्व बैंक से सहायता मांगने के लिए एक परियोजना प्रस्ताव तैयार किया है। **(नीचे देखिए)**

(ग) और (घ) विवरण-II में दिए गए विवरणों के अनुसार 17 स्थानों पर अग्रणी आधार पर राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम पर संशोधित कार्यनीति पहले से ही कार्यान्वित की जा रही है। **(नीचे देखिए)**।

विवरण-I

प्रस्तावित विश्व बैंक सहायता प्राप्त परियोजना के अन्तर्गत क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम का प्रस्तावित विस्तार

क्र.सं.	राज्य	जिलों की संख्या प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष
1.	आंध्र प्रदेश	1		
2.	असम	1		
3.	बिहार	2	6	
4.	दिल्ली	1		
5.	गुजरात	5	8	5
6.	हिमाचल प्रदेश	3	3	6
7.	कर्नाटक	2	4	1
8.	केरल	7	6	2
9.	मध्य प्रदेश	2	1	2
10.	महाराष्ट्र	3		
11.	मणिपुर	1		
12.	राजस्थान	1	1	1
13.	तमिलनाडु	2	3	1
14.	उत्तर प्रदेश	2	2	
15.	पश्चिम बंगाल	6	4	6
	कुल	39	39	24

विवरण-II

प्रायोगिक परियोजनाओं का कार्यान्वयन

क्र.सं.	राज्य	परियोजना क्षेत्रों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	1
2.	असम	
3.	बिहार	1
4.	दिल्ली	2
5.	गुजरात	1
6.	हिमाचल प्रदेश	1
7.	कर्नाटक	1
8.	केरल	1
9.	मध्य प्रदेश	1
10.	महाराष्ट्र	2
11.	मणिपुर	
12.	राजस्थान	1
13.	तमिलनाडु	1
14.	उत्तर प्रदेश	1
15.	पश्चिम बंगाल	3
	कुल	17